**ग्रामीण कृषि मौसम सेवा**
भारत मौसम विज्ञान विभाग
राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान और विकास फाउंडेशन
नई दिल्ली

# मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

**दिनांक : 16-09-2022**

**दक्षिण-पश्चिमी-दिल्ली(दिल्ली का एन.सी.टी.) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-09-16 ( अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)**

| मौसम कारक | 2022-09-17 | 2022-09-18 | 2022-09-19 | 2022-09-20 | 2022-09-21 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मिमी) | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 |
| अधिकतम तापमान(से.) | 32.0 | 31.0 | 32.0 | 32.0 | 31.0 |
| न्यूनतम तापमान(से.) | 24.0 | 24.0 | 25.0 | 25.0 | 24.0 |
| अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 90 | 90 | 85 | 85 | 85 |
| न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 65 | 65 | 65 | 65 | 65 |
| हवा की गति (किमी प्रति घंटा) | 0.0 | 12.0 | 10.0 | 10.0 | 12.0 |
| पवन दिशा (डिग्री) | 0 | 10 | 30 | 30 | 10 |
| क्लाउड कवर (ओक्टा) | 6 | 7 | 7 | 6 | 6 |

## मौसम सारांश / चेतावनी:

अगले 5 दिनों के दौरान दिनांक बारिश की कोई संभावना नहीं है। अगले पांच दिनों के दौरान हवा की गति 0 से 12 किमी प्रति घंटे रहने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेंटीग्रेड रहने का अनुमान है। अगले पांच दिनों में अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता 90 फीसदी और न्यूनतम 65 फीसदी रहेगी।

## सामान्य सलाहकार:

किसानों से अनुरोध है कि वे अपने मोबाइल पर स्थान विशेष के पूर्वानुमान के लिए मौसम ऐपडाउनलोडकरें(एंड्रॉयड:https://play.google.com/store/apps/details?id=com.imd.masuam)। आसमनी बिजली गिरने के दुष्प्रभावों से बचने के लिए दामिनी ऐप को डाउनलोड करें। यह ऐप बिजली गिरने की समय से पूर्व सूचना देने के साथ ही बचाव की जानकारी भी देता है (एंड्रॉयड:https://play.google.com/store/apps/detailsid=com.lightening.live.damini । गूगल प्ले स्टोर से इसे मुफ्त में डाउनलोड कर सकते हैं। किसानों से यह भी अनुरोध किया जाता है कि वे मौसम संबंधी कृषि सलाह के लिए अपने मोबाइल पर मेघदूतऐपडाउनलोड करें (एंड्रॉयड: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.aas.meghdoot) । कोविड़-19 के गंभीर फैलाव को देखते हुए किसानों को सलाह दी जाती है कि कृषि कार्यों के दौरान भारत सरकार द्वारा समय-समय पर दिये गये दिशा निर्देशों जैसे- व्यक्तिगत स्वच्छता, मास्क का उपयोग, समय- समय पर साबुन से हाथ धोना तथा एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाये रखे आदि।

## लघु संदेश सलाहकार:

पूर्वानुमान को देखते हुए किसानों को मौसम की स्थिति को देखते हुए कृषि कार्य करने की सलाह दी जाती है।

## फ़सल विशिष्ट सलाह:

| फ़सल | फ़सल विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| सरसों | सरसों की बुवाई के लिए पूसा सरसों-28, पूसा तारक, पूसा विजय, गिरिराज, RH749, RH725 आदि के बीज की व्यवस्था करें तथा खेतों को तैयार करें। बीज दर:- 1.5-2 किलो प्रति एकड़। |

## पशुपालन विशिष्ट सलाह:

| पशुपालन | पशुपालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| गाय | सभी किसान भाइयों से अनुरोध है की ढेलेदार त्वचा रोग से पशुओं मे बचाव रखें अगर पशु को तेज बुखार, दूध उत्पादन कम होना, कठोर व दर्दनाक गाँठ दिखाई दे तो तुरन्त अपने नजदीकी पशु चिकित्सक से सम्पर्क करें। पशुओं का कीट/मच्छर / मक्खी से बचाव करे अथवा उनके आस पास साफ सफाई रखे । स्वस्थ पशु को बकरी चेचक का टीकाकरण करवा लें। |

## अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

| अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) | अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| पौध - संरक्षण | इस मौसम में बासमती धान में आभासी कंड (False Smut) आने की काफी संभावना है। इस बीमारी के आने से धान के दाने आकार में फूल जाते है। इसकी रोकथाम के लिए ब्लाइटोक्स 50 की 500 ग्राम प्रति एकड़ की दर से आवश्यकतानुसार पानी में मिलाकर 10 दिन के अंतराल पर 2-3 बार छिड़काव करें। |
| पौध - संरक्षण | इस मौसम में धान की फसल इस समय मुख्यत: वानस्पतिक वृद्दि की स्थिति में है अत: फसल में कीटों की निगरानी करें।तना छेदक कीट की निगरानी हेतूफिरोमोन प्रपंच @ 3-4 /एकड़ लगाए। |
| पौध - संरक्षण | इस मौसम में धान की फसल को नष्ट करने वाली ब्राउन प्लांट होपर का आक्रमण आरंभ हो सकता है अतः किसान खेत के अंदर जाकर पौध के निचली भाग के स्थान पर मच्छरनुमा कीट का निरीक्षण करें। |
| पौध - संरक्षण | किसान प्रकाश प्रपंश (Light Trap) का भी इस्तेमाल कर सकते है। इसके लिए एक प्लास्टिक के टब या किसी बड़े बरतन में पानी और थोडा कीटनाशक दवाई मिलाकर एक बल्ब जलाकर रात में खेत के बीच में रखे दें। प्रकाश से कीट आकर्षित होकर उसी घोल पर गिरकर मर जायेंगें। इस प्रपंश से अनेक प्रकार के हानिकारक कीटों का नाश होगा। |
| पौध - संरक्षण | इस मौसम में फसलों व सब्जियों में दीमक का प्रकोप होने की संभावना रहती है अतः किसान फसलों की निगरानी करें यदि प्रकोप दिखाई दे तो क्लोरपाइरीफॉंस 20 ई सी @ 4.0 मि.ली/लीटर सिंचाई जल के साथ देवें। |
| पौध - संरक्षण | इस मौसम में किसान अपने खेतों की नियमित निगरानी करें। यदि फसलों व सब्जियों में सफ़ेद मक्खी या चूसक कीटों का प्रकोप दिखाई दें तो इमिडाक्लोप्रिड दवाई 1.0 मि. ली./3 लीटर पानी में मिलाकर छिड़¬काव आसमान साफ होने पर करें। |
| पौध - संरक्षण | सब्जियों में (टमाटर, बैंगन, फूलगोभी व पत्तागोभी) शीर्ष एवं फल छेदक एवं फूलगोभी/पत्तागोभी में डायमंड़ बेक मोथ की निगरानी हेतू फिरोमोन प्रपंच @ 3-4/एकड़ लगाए। |
| पौध - संरक्षण | इस मौसम में धान की फ़सल में जीवाणु पत्ती झुलसा रोग के आने की संभावना है। यदि धान की खड़ी फ़सल में पत्तियों का रंग पीला पड़ रहा हो तथा इन पर जलसोख धब्बे बन रहे है जिसके कारण आगे जाकर पूरी पत्ती पीली पड़ने लगे तो इसके रोकथाम के लिए कांपर हाइड्रोक्साइड @1.25 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर की दर से 150 लीटर पानी में मिलाकर 10-12 दिन के अंतराल पर छिड़काव करें |

## मधुमक्खी पालन विशिष्ट सलाह:

| मधुमक्खी पालन | मधुमक्खी पालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| | कद्दूवर्गीय एवं अन्य सब्जियों में मघुमक्खियों का बडा योगदान है क्योंकि, वे परागण में सहायता करती है इसलिए जितना संभव हो मघुमक्खियों के पालन को बढ़ावा दें। कीड़ों एवं बीमारियों की निरंतर निगरानी करते रहें, कृषि विज्ञान केन्द्र से सम्पर्क रखें व सही जानकारी लेने के बाद ही दवाईयों का प्रयोग करें। |